14.05 ½ hrs.

MR. SPEAKER: Matters under Rule 377, listed for the day, may be treated as having been laid on the Table of the House.

Title: Need to increase the strength of Jharkhand Legislative Assembly members from 81 to 150 -- Laid.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड राज्य नया बना है, जिसमें गांव जंगलों में बसे हैं और दूर दूर तक पहाड़ों में गांव हैं। जब इस नये राज्य का गठन किया गया तो इस राज्य की 81 विधान सभा सीट हैं। उत्तरांचल राज्य का गठन भी झारखंड राज्य के गठन के साथ ही साथ हुआ था और यहां पर 23 विधान सभा सीटें थीं और भौगोलिक कारणों से विधान सभा की सीट 23 से बढ़ाकर 70 की गयी। उत्तरांचल प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियां भी झारखंड जैसी है। कई दृष्टियों के आधार पर देखा जाये तो झारखंड की भौगोलिक परिस्थितियां उत्तरांचल से भी बदतर है। आबादी की दृटि से भी यहां विधान सभा की संख्या पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं देती है, जिसके कारण प्रशासन पर लोकतांत्रिक ढंग से लोगों के प्रतिनिधियों को नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इन उपरोक्त कारणों के आधार पर झारखंड की विधान सभा की संख्या 81 से बढ़ाकर कम से कम 150 की जाये, जो लोकहित में है।

* Treated as Laid on the Table.